

Daily Current Affairs

+

Important Static Facts

15 November 2024

Q. 1: हाल ही में, वैज्ञानिकों द्वारा डिक्लिप्टेरा की एक नई अग्निरोधी, दोहरे खिलने वाली प्रजाति की खोज कहाँ की गई है? Recently, a new fire-resilient, dual-blooming species of Dicliptera has been discovered by scientists in where?

a. हिमालय Himalayas

b. उत्तरी पश्चिमी घाट Northern Western Ghats

c. साजपोर Sajpore

d. थार रेगिस्तान Thar Desert

Answer: b. उत्तरी पश्चिमी घाट Northern Western Ghats

✍ **हाल ही में, वैज्ञानिकों द्वारा भारत के उत्तरी पश्चिमी घाट (Northern Western Ghats) में डिक्लिप्टेरा (Dicliptera) की नई प्रजाति की खोज की गई है.**

✍ **यह प्रजाति तलेगांव-दभाड़े (Talegaon- Dabhade) से एकत्र की गई थी, जो अपने घास के मैदानों और चारा बाजारों के लिए जाना जाता है.**

✍ **डिक्लिप्टेरा पॉलीमोर्फा (Dicliptera polymorpha):**

✍ **एक विशिष्ट प्रजाति है.**

✍ **यह अग्निरोधी (fire-resilient), पायरोफाइटिक प्रकृति (pyrophytic habit) और अपने असामान्य दोहरे खिलने (dual-blooming pattern) के लिए उल्लेखनीय है।**

Q. 2: एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में भारतीय संस्थानों में कौन सा भारतीय संस्थान शीर्ष स्थान पर है? Which Indian institute is ranked top among Indian institutes in the Asia University Rankings 2025?

a. IIT बंबई IIT Bombay

b. IIT दिल्ली IIT Delhi

c. IIT मद्रास IIT Madras

d. IISc बैंगलोर IISc Bangalore

Answer: b. IIT दिल्ली IIT Delhi

✍ **QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग (QS Asia University Rankings) 2025 में IIT दिल्ली 44वें सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान रैंक के साथ भारतीय संस्थानों में शीर्ष स्थान पर है.**

✍ **IIT मुंबई 48वें स्थान पर है.**

✍ **QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 की सूची में एशिया में 984 शिक्षण संस्थानों में से:-**

✍ **पहला स्थान: पेकिंग विश्वविद्यालय, चीन (Peking University, China)**

✍ **दूसरा स्थान: हांगकांग विश्वविद्यालय, हांगकांग (University of Hong Kong, Hong Kong)**

✍ **तीसरा स्थान: सिंगापुर का राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (National University of Singapore)**

✍ **दक्षिण एशियाई संस्थानों (South Asian Institutions) की टॉप 10 सूची में सात भारतीय यूनिवर्सिटी शामिल हैं.**

Q. 3: हाल ही में, पहले आकाशीय अभ्यास 'अंतरिक्ष अभ्यास–2024' का आयोजन कहाँ किया गया? Where was the first space exercise 'Space Exercise-2024' held recently?

a. मुंबई Mumbai b. नई दिल्ली New Delhi

c. हैदराबाद Hyderabad d. बेंगलुरु Be ngaluru



Answer: b. नई दिल्ली New Delhi

✍ **हाल ही में, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी (Defence Space Agency) द्वारा 11 से 13 नवंबर, 2024 तक पहले आकाशीय अभ्यास (Space Exercise) 'अंतरिक्ष अभ्यास-2024' (Antariksha Abhyas – 2024) का आयोजन नई दिल्ली में किया गया.**

✍ **उद्देश्य: अंतरिक्ष आधारित परिसंपत्तियों (assets) एवं सेवाओं (services) की बेहतर समझ प्रदान करना और हितधारकों (stakeholders) के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रक्रिया से संबंधित निर्भरता की समझ हासिल करना**

Q. 4: हाल ही में बुकर पुरस्कार 2024 से किसे सम्मानित किया गया? Who was recently awarded the Booker Prize 2024?

a. जेम्स शापिरोJames Shapiro

b. पॉल लिंच Paul Lynch

c. सामंथा हार्वे Samantha Harvey

d. चार्ल्स फॉस्टर Charles Foster

Answer: c. सामंथा हार्वे Samantha Harvey

✍ **ब्रिटेन की लेखिका सामंथा हार्वे (British author Samantha Harvey) को बुकर पुरस्कार 2024 (Booker Prize 2024) से सम्मानित किया गया.**

✍ **यह पुरस्कार उन्हें उनके अंतरिक्ष आधारित लघु उपन्यास :ऑर्बिटल" (Space-based short novel "Orbital") के लिए दिया गया.**

✍ **बुकर पुरस्कार विजेता की घोषणा 12 नवंबर 2024 को लंदन, इंग्लैंड में आयोजित एक समारोह में की गई.**

✍ **यह 2019 के बाद किसी महिला लेखक द्वारा जीता जाने वाला पहला बुकर पुरस्कार है।**

✍ **2023 का बुकर पुरस्कार आयरलैंड के लेखक पॉल लिंच (Irish author Paul Lynch) ने 'प्रोफेट सॉन्ग' (Prophet Song) के लिए जीता था.**

✍ **ऑर्बिटल उपन्यास अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (International Space Station) में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे छह अंतरिक्ष यात्रियों के 24 घंटे के जीवन के बारे में है. इस दौरान वे दुनिया भर में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं**

Q. 5: बिम्सटेक ऊर्जा केंद्र कहाँ स्थापित किया जाएगा? Where will the BIMSTEC Energy Center be established?

a. मुंबईMumbai **b. दिल्ली Delhi**

c. बेंगलुरु Bengaluru **d. कोलकाता Kolkata**

Answer: c. बेंगलुरु Bengaluru

✍ **हाल ही में, विदेश मंत्रालय (Ministry of External Affairs (MEA)) के सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार (Secretary (East) Jaideep Mazumder) और बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) (BIMSTEC- Bay of Bengal Initiative for Multi-Sectoral Technical and Economic Cooperation) के महासचिव इंद्रमणि पांडे (Secretary General Indramani Pandey) ने बेंगलुरु, कर्नाटक में बिम्सटेक ऊर्जा केंद्र (BIMSTEC Energy Centre) की स्थापना के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।**

Q.6 : सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2024 से किसे सम्मानित किया जाएगा? Who will be honoured with the Satyajit Ray Lifetime Achievement Award 2024?

a. मीरजापुर चंद्रा Mirzapur Chandra

b. फिलिप नॉयस Phillip Noyce

c. राजकुमार हिरानी Rajkumar Hirani
d. स्टीवन स्पीलबर्ग Steven Spielberg
Answer: b. फिलिप नॉयस

✍ IFFI 2024 में प्रसिद्ध और पुरस्कृत ऑस्ट्रेलियाई निर्देशक फिलिप नोयस (Australian director Philip Noyce) को सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (Satyajit Ray Lifetime Achievement Award) 2024 से सम्मानित किया जाएगा.

✍ 55वें भारतीय फिल्म महोत्सव (55th International Film Festival of India (IFFI)) का आयोजन 20 से 28 नवंबर, 2024 तक गोवा में किया जाएगा.

Q. 7: हाल ही में, इगास दीपावली कहाँ मनाई गई है? Where has Igas Deepawali been celebrated recently?
a. उत्तर प्रदेश Uttar Pradesh
b. उत्तराखंड Uttarakhand
c. बिहार Bihar
d. हरियाणा Haryana
Answer: b. उत्तराखंड Uttarakhand

✍ उत्तराखंड में दीपावली के 11 दिन बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी पर एक बार फिर से दीपोत्सव, जिसे इगास दीपावली (Igas Deepawali) कहते है, मनाया जाता है.

✍ इगास पर्व पर भैलो खेलने की परंपरा है. भैलो को चीड़ की लकड़ी (Pine wood) और तार या रस्सी से तैयार किया जाता है, फिर इसमें आग लगाकर रस्सी को पकड़कर उसे अपने सिर के ऊपर से घुमाते हुए नृत्य करते हैं।

✍ इसे गढ़वाल में ईगास और कुमाऊं में बग्वाल कहा जाता है।

✍ दरअसल मान्यता है कि भगवान राम के अयोध्या लौटने की खबर पहाड़ों में 11 दिन बाद पहुंची थी।

Q. 8: वर्ष 2024 के लिए कलैगनार एम करुणानिधि सेमोझी तमिल पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया? Who was awarded the Kalaignar M Karunanidhi Semozhi Tamil Award for the year 2024?
a. एम. सेल्वारासन M. Selvarasan
b. आर. बालासुब्रमण्यम R. Balasubramaniam
c. टी. राजाराम T. Rajaram
d. एस. वेणुगोपाल S. Venugopal
Answer: a. एम. सेल्वारासन

✍ मुख्यमंत्री MK स्टालिन ने मद्रास विश्वविद्यालय के पूर्व तमिल प्रोफेसर एम सेल्वारासन (Professor M Selvarasan) को वर्ष 2024 के लिए कलैगनार एम करुणानिधि सेमोझी तमिल पुरस्कार (Kalaignar M. Karunanidhi Semozhi Tamil Award) से सम्मानित किया।

✍ यह पुरस्कार उन्हें तमिल साहित्य अनुसंधान (Tamil literature research) और तमिल में रचनात्मक लेखन (creative writing in Tamil) में योगदान दिया गया है।

✍ इस पुरस्कार में 10 लाख रुपये, एक प्रशस्ति पत्र और पूर्व मुख्यमंत्री करुणानिधि की एक कांस्य प्रतिमा दी जाती है।

✍ केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान (Central Institute of Classical Tamil) द्वारा स्थापित यह पुरस्कार प्रतिवर्ष पुरातत्व (archaeology), मुद्राशास्त्र (numismatics), साहित्य, भाषा विज्ञान आदि में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विद्वान को प्रदान किया जाता है।

Q. 9: हाल ही में, किस बैंक ने रियल टाइम इंटरनेशनल मनी ट्रांसफर ट्रैकिंग की शुरुआत की है? Recently, which bank has introduced real time international money transfer tracking?

a. एचडीएफसी बैंक HDFC Bank

b. एसबीआई बैंक SBI Bank

c. एक्सिस बैंक Axis Bank

d. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक IDFC First Bank

Answer: d. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक IDFC First Bank

✍ **हाल ही में, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक (IDFC First Bank) ने रियल टाइम इंटरनेशनल मनी ट्रांसफर ट्रैकिंग (Real Time International Money Transfer Tracking) की शुरुआत की है.**

✍ **इसके लिए IDFC फर्स्ट बैंक ने स्विफ्ट (Swift) के साथ साझेदारी की है.**

✍ **IDFC फर्स्ट बैंक क्षेत्र में API पर GPI को सक्रिय करने वाला पहला भारतीय बैंक है.**

✍ **यह इनोवेशन रियल-टाइम भुगतान ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसफर में पारदर्शिता और दक्षता बढेगी**

Q. 10 :हाल ही में भारत गेम डेवलपर कॉन्फ्रेंस के 16वें संस्करण का आयोजन कहाँ किया जा रहा है? Where is the 16th edition of the India Game Developer Conference being organized recently?

a. बेंगलुरु Bengaluru

b. नई दिल्ली New Delhi

c. हैदराबाद Hyderabad

d. पुणे Pune

Answer: c. हैदराबाद

✍ **13 नवंबर से 15 नवंबर, 2024 तक भारत गेम डेवलपर कॉन्फ्रेंस के 16वें संस्करण (16th India Game Developer Conference (IGDC)) का आयोजन हैदराबाद में किया जा रहा है.**

✍ **इसका आयोजन गेम डेवलपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (Game Developer Association of India (GDAI)) द्वारा किया जा रहा है.**

✍ **इसमें 20,000 प्रतिभागी, 250 से अधिक वक्ता और शीर्ष गेमिंग कंपनियों, स्टार्टअप और देश के मंडपों की एक विस्तृत प्रदर्शनी शामिल है.**

✍ **उद्देश्य: भारत के गेमिंग और मनोरंजन क्षेत्र के तीव्र विकास पर प्रकाश डालना**

✍ **सम्मेलन में शीर्ष गेमिंग विशेषज्ञों के नेतृत्व में 150 से अधिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बैटलटेक (BattleTech), मेकवॉरिअर (MechWarrior) और शैडोरन (Shadowrun) के निर्माता जॉर्डन वीसमैन (Jordan Weisman) भी शामिल होंगे।**

Q. 11 :हाल ही में, सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है? Recently, who has been appointed as the Chairman of the Supreme Court Legal Services Committee?

a. न्यायमूर्ति धनंजय चंद्रचूड़
Justice Dhananjaya Chandrachud

b. न्यायमूर्ति संजय किशन कौल Justice Sanjay Kishan Kaul

c. न्यायमूर्ति सूर्य कांत Justice Surya Kant

d. न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता Justice Hemant Gupta

Answer: c. न्यायमूर्ति सूर्य कांत

✍ **भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना (Chief Justice of India Sanjiv Khanna) ने न्यायमूर्ति सूर्य कांत (Justice Surya Kant) को सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति (Supreme Court Legal Services Committee) के अध्यक्ष के रूप में नामित किया है।**

✍ **कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (Legal Services Authorities Act, 1987) की धारा 3A द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए CJI खन्ना द्वारा न्यायमूर्ति कांत को इस पद पर नामित किया गया**



Q. 12: वित्त आयोग सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया जाएगा? Where will the Finance Commission Conference be held?

a. मुंबईMumbai

b. कोलकाता Kolkata

c. बेंगलुरु Bengaluru

d. नई दिल्ली New Delhi

Answer: d. नई दिल्ली New Delhi

✍ **14 नवंबर, 2024 को पंचायती राज मंत्रालय (Ministry of Panchayati Raj (MoPR)) विज्ञान भवन, नई दिल्ली में एक दिवसीय वित्त आयोग सम्मेलन (One-Day Finance Commissions Conclave) का आयोजन करेगा.**

✍ **इसका आयोजन 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया (Dr. Arvind Panagariya, Chairman of the 16th Finance Commission) के नेतृत्व में किया जाएगा.**

✍ **विषय: "विकास के लिए वित्तीय शक्तियों का विकेन्द्रीकरण" (Devolution to Development)**

✍ **उद्देश्य: ग्रामीण स्थानीय निकायों (Rural Local Bodies (RLBs)) को निधि आवंटन (fund allocation) में राज्य वित्त आयोगों (State Finance Commissions) की प्रभावशीलता को बढ़ाना**